## कुलसचिव कार्यालय
## गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पंतनगर–263145

पत्रांक:– आर/डी0आर0/23/39
दिनांक:– 03.06.2023

### कार्यालय आदेश

माननीय प्रबन्ध परिषद की 245वीं बैठक दिनांक 14.02.2023 में पारित संकल्प के अनुपालन में विश्वविद्यालय के समस्त स्नातकोत्तर एवं परास्नातक उपाधि पाठ्यक्रमों हेतु विज्ञापित सीटों के सापेक्ष वर्ष 2023–24 हेतु क्रमशः 25% एवं 50% सीटें स्व–वित्त पोषित सीटों के रूप में प्रवेश–विवराणिका *(Admission Prospectus)* में सम्मिलित किये जाने की निम्नानुसार स्वीकृति प्रदान की जाती है:–

| क0सं | पाठ्यक्रम | सीटें | शुल्क |
|---|---|---|---|
| 1. | स्नातकोत्तर उपाधि पाठ्यक्रमों में शैक्षणिक सत्र 2023–24 हेतु सीटें | 67 | रू0 50,000/– प्रति सेमेस्टर विश्वविद्यालय शिक्षण शुल्क के अतिरिक्त लिया जायेगा। |
| 2. | परास्नातक उपाधि पाठ्यक्रमों में शैक्षणिक सत्र 2023–24 हेतु सीटें | 65 | रू0 1,00,000/– प्रति सेमेस्टर विश्वविद्यालय शिक्षण शुल्क के अतिरिक्त लिया जायेगा। |

- इन सीटों हेतु प्राप्त होने वाले अतिरिक्त शुल्क को 70% सम्बन्धित विभाग/महाविद्यालय, 10% अधिष्ठाता स्नातकोत्तर महाविद्यालय एवं 20% विश्वविद्यालय को आवंटित किया जायेगा।
- स्व–वित्त पोषित सीटों के सापेक्ष विश्वविद्यालय फीस (ट्यूशन फीस) के अतिरिक्त प्राप्त होने वाली धनराशि (प्रोग्राम फीस) अधिष्ठाता स्नातकोत्तर महाविद्यालय के नाम देय डिमाण्ड ड्राफ्ट अथवा ***RTGS*** के माध्यम से अभ्यर्थी द्वारा जमा किया जायेगा।
- स्व–वित्त पोषित सीटों में से 50% सीटें उत्तराखण्ड के विद्यार्थियों हेतु तथा शेष 50% सीटें भारतवर्ष के विद्यार्थियों को आवंटित की जायेंगी। स्व–वित्त पोषित सीटें रिक्त रहने की स्थिति में इन्हें विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों हेतु उत्तराखण्ड से भारतवर्ष तथा भारतवर्ष हेतु विज्ञापित सीटों को उत्तराखण्ड के अभ्यर्थियों हेतु परिवर्तित किया जायेगा।

(दीपा विनय)
कुलसचिव

प्रतिलिपि:–

1. समस्त अधिष्ठाता
2. वित्त नियंत्रक
3. परीक्षा नियंत्रक
4. उप कुलसचिव/इन्चार्ज आई0सी0सी
5. इंचार्ज विश्वविद्यालय वेबसाईट, विश्वविद्यालय वेबसाईट पर अपलोड किये जाने हेतु
6. कुलपति जी के निजी सचिव को कुलपति महोदय के सूचनार्थ प्रेषित